सचिव

विजयलक्ष्मी जोशी आई.ए.एस.

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

सी-3 विंग, चतुर्थ तल, पर्यावरण भवन, नई दिल्ली-110003

दूरभाष: 24361670, 24361671, 24361672

फैक्स नं.- 24361669

ई-मेल secydws@nic.in

वेबसाइट: www.ddws.nic.i n

अ.शा. पत्र संख्या-डब्ल्यू-11042/99/2014-एसबीएम

दिनांक: 5 दिसम्बर, 2014

प्रिय सचिव,

जैसा कि आपको विदित है, भारत सरकार ने 2 अक्टूबर, 2019 तक देश को स्वच्छ एवं खुले में शौच मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ 2 अक्टूबर, 2014 को 'स्वच्छ भारत मिशन' आरंभ किया है।

2. इस संबंध में भारत सरकार द्वारा जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए बहुत बड़ा अभियान पहले ही शुरू किया जा चुका है और इस मिशन को बड़ी संख्या में जनता का समर्थन मिला है। तथापि जनता में पैदा हुए इस उत्साह को इस मिशन की सकल उपलब्धि के लिए बनाए रखने की आवश्यकता हे। इस उद्देश्य के लिए स्वच्छ भारत मिशन का 'लोगो' आपके राज्य में सभी विभागों की सभी आधिकारिक स्टेशनरी पर प्रदर्शित किया जाए। आधिकारिक स्टेशनरी पर मिशन के 'लोगो' की वाटर-मार्किंग के साथ-साथ सभी सरकारी भवनों के कोरिडोरों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर इस 'लोगो' के पोस्टर/वाल-हैंगिंगस संदेश को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं।

3. मैं आपसे यह निवेदन करना चाहूँगा कि अपने राज्य के सभी विभागों को समुचित निर्देश जारी करने का कष्ट करें जिससे कि स्टेशनरी को स्वच्छ भारत मिशन लोगो सहित छपवाया जा सके।

सादर,

भवदीया,

(विजयलक्ष्मी जोशी)

सेवा में,

सचिव
भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग